

### एक नजर में



#### अनुपयोगी पॉलीथिन से बनेगी सीडबॉल

**बेगमगंज, 22 जुलाई.** वनपरिक्षेत्राधिकारी अरविंद अहिरवार द्वारा एक लाख से ऊपर दूध की अनपयोगी थैलियों को एकत्रित कराकर उनमें विभिन्न प्रजातियों के फल एवं छायादार वृक्षों की पौध तैयार की ओर फिर उन्हें विभिन्न धार्मिक स्थलों, श्मशान भूमि, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर रोपण कराए जाने के बाद उक्त पौधों से निकाली गई पॉलीथिन को कबाड़ में बेचकर उससे 25 हजार सीट्स बॉल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है. वनपरिक्षेत्राधिरी अरविंद अहिरवार का प्रकृति से जुड़ाव एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तर पर काम करने की अलख जगाई जा रही है. इसको लेकर उनके द्वारा रोजाना नित्य नए-नए प्रयोग कर अनूठी पहल की जा रही है.

#### वन भूमि से हटाया जाए अतिक्रमण

**सिलवानी, 22 जुलाई.** चौंका ग्राम के ग्रामीणों ने वन विभाग को ज्ञापन देकर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है. वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र पारेचा को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि आर एफ-पीएफ क्रमांक 608 स्थित 10 एकड़ भूमि पर सागोन, महुआ आदि के पेड़ खड़े हुए थे जिसे काट कर भूमि पर प्रकाश तथा हल्के के द्वारा कब्जा कर लिया गया है. जिससे वन संपदा को नुकसान हुआ है. ज्ञापन में मांग की गई है कि भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाकर कार्रवाही की जावे. यहां पर ग्रामीण मौजूद रहे.



# ठेके से ज्यादा जगह पर लगे हैं होर्डिंग

## नियम ताक पर, अवैध होर्डिंग पर निगम कर रहा कार्रवाई से परहेज

**149 स्थान चिन्हित, फिर भी अवैध होर्डिंग से पटे चौराहे**

**तेज हवा आंधी में लटके, बनेंगे हादसों का कारण**

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 22 जुलाई. नगर पालिका परिषद द्वारा ठेके पर होल्डिंग पैनल लगाने के लिए करीब डेढ़ सौ स्थान चयनित किए गए हैं लेकिन ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं नगरपालिका के जिम्मेदार आला अफसर इनके विरुद्ध कार्रवाई से परहेज कर रही है.नगर के चौक चौराहे हवा आंधी बारिश में हादसों के कारण बन सकते हैं.**

नपा परिषद ने बीते साल चुनावी आचार संहिता के कारण कुल 91 जगहों के लिए करीब 8 लाख रूपए में ठेका नीलाम किया था. अपनी आय बढ़ाने के लिए इस बार नपा परिषद द्वारा शहर में 149 स्थान चिन्हित कर करीब शहर में 20 होर्डिंग्स का ठेका खुद चला रही है.दिया. इसके बावजूद शहर में तय जगहों के अलावा कई लोग मनमाने ढंग से निजी व सरकारी संपत्ति पर कटआउट, बैनर,होर्डिंग टांग कर दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं. लोगों ने ठेकेदार से शिकायत की,उन्होंने नपा में कई बार शिकायती पत्र दे दिए.




**महामाया चौक के सामने हवा से लटका कटआउट**

जिला अस्पताल के गेट के सामने सबसे व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक है. यहां से दिनरात कई वाहन गुजरते है. महामाया चौक के सामने नेताओं का कट आउट लगा था,जो तेज हवा चलने पर आधा नीचे लटक गया है. इसके पीछे पहले से लगे दूसरे कट आउट के गिरने की आशंका बढ़ गई है.

**सागर तिराहा : खंभे में ही लटका दिए बैनर होर्डिंग्स**




सुबह से देर रात तक सर्वाधिक भीड़ वाले एरिया में सागर भोपाल तिराहे शामिल है. यहां सरकारी कन्या शाला, पीएमश्री कॉलेज पाटनदेव, सागर रोड़ स्टेट हाइवे को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है. यहां लगे ट्रैफिक नियंत्रण पॉइंट में खंभे के सहारे बैनर कटआउट बंधे हैं. इन अवैध कटआउट के कारण मोड़ पर सामने से आने वाले वाहन एक दूसरे से टकराने लगे हैं. सागर भोपाल स्टेट हाइवे सांची विदिशा मार्ग पर टेलीफोन खंभे स्ट्रीट लाइट के पोल से रस्सी के सहारे नेताओं के बैनर कटआउट बंधे हुए हैं.

**इनका कहना है...**

अभी नपा परिषद टेंडर नहीं होने पर होर्डिंग्स चार्ज लेकर लगवाती है .शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर कई कंपनी और विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं के लगे बैनर पोस्टर कटआउट हटाए जाने टीम भेजकर कार्रवाई जल्द की जाएगी .क्योंकि इससे नपा को राजस्व का नुकसान हो रहा है.

**सुरेखा जाटव सीएमओ, नपा**

# युवक की 2 सगे भाइयों ने लोहे की रॉड से की पिटाई

## सड़क पर बाइक तेज चलाने से मना करने पर विवाद, सिर में आई चोट

**नवभारत न्यूज़**

**सलामतपुर, 22 जुलाई. थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरखेड़ी चौराहे की सड़क पर मोटरसाइकिल को तेज चलाने से मना करने को लेकर एक युवक का टोकना मोटरसाइकिल चालक को इतना नागवार गुजरा की उसने लोहे की रॉड से युवक का सिर फाड़ दिया. सलामतपुर पुलिस ने आरोपी युवक अंकित अहिरवार और उसके सगे भाई राजू अहिरवार निवासी बेरखेड़ी टुंडा के विरुद्ध फरियादी हलकुराम अहिरवार पिता रामकिशन अहिरवार निवासी बेरखेड़ी टुंडा की रिपोर्ट पर धारा 115(2),296, 351(3), 3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.**

थाने के प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय से मिली जानकारी अनुसार आरोपी अंकित अपनी मोटरसाइकिल से बेरखेड़ी चौराहे से अपने घर जा रहा था. तभी रास्ते में स्कूल के सामने फरियादी हलकुराम अहिरवार ने अंकित से मोटरसाइकिल को तेज चलाने का मना किया तो अंकित ने गाली गलौच करते हुए बोला कि तू कोन होता है मुझे रोकने वाला. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया.

इसी दौरान आरोपी अंकित ने अपने भाई राजू को भी बुला लिया और अंकित ने लोहे की रॉड से हलकुराम पर हमला कर दिया. हमले से हल्कूराम का सिर फट गया. और उसके हाथों में भी चोट लग गई. हल्कूराम को प्राथमिक उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया. जहां पर उसका उपचार करने के बाद छुट्टी दे दी गई है. वहीं पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है

**इनका कहना है...**

थाना क्षेत्र के बेरखेड़ी चौराहे स्कूल के सामने मोटरसाइकिल को तेज चलाने पर मना करने की बात पर लोहे की रॉड से मारपीट की घटना हो गई है. एक युवक के सिर में चोटें आईं हैं. 2 सगे भाइयों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी**
**थाना प्रभारी सलामतपुर**



# कुंडाली व बम्होरी मा .शाला में गंदगी देख भड़के अधिकारी

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 22 जुलाई.** जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील स्तरीय अधिकारियों के द्वारा नगर व अंचल की शासकीय शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है. निरीक्षण की कड़ी में एसडीएम पीसी शाक्य, ब्लाक शिक्षा अधिकारी रानी अहिरवार व बीआरसीसी महजबी सिद्धीकी के द्वारा अंचल की कुण्डाली व बम्होरी शालाओ का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कुण्डाली ग्राम स्थित माध्यमिक शाला में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था नही मिली. जगह तगह कचरा पड़ा हुआ था. मध्यांह भोजन की गुणवत्ता तथा मीनू व्यवस्था पर भी अधिकारियों के द्वारा असंतोष जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए.

क्षतिग्रस्त भवन को टाइप ऑप करने तथा पौधरोपण कराने निर्देशित किया.

# अवैध कॉलोनी के खिलाफ सड़कों पर उतने रहवासी

**बेगमगंज, 22 जुलाई.** नगर की रामनगर स्थित एक निजी कॉलोनी लक्ष्मी नगर के रहवासियों द्वारा भारी संख्या में रैली के रूप में एसडीएम ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन लक्ष्मी नगर कॉलोनाइजर्स के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाते हुए एसडीएम सौरभ मिश्रा को एक ज्ञापन देकर कॉलोनाइजर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

लक्ष्मीनगर कॉलोनी में प्लॉट लेकर अपने घर बनाने वालों में राघवेंद्र यादव एडवोकेट, चरण सिंह साहू, अनूप तिवारी, सत्येंद्र गौर, ध्रुव कुमार नेमा इत्यादि के द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कॉलोनाइजर्स द्वारा 10 साल पहले इस कॉलोनी के निर्माण करते समय वायदा किया था कि सुव्यवस्थित और विकसित कॉलोनी का सब्जबाग दिखाकर प्लाट दिए गए थे लेकिन आज दिनांक तक अवैध कॉलोनी की श्रेणी है.



# क्षुल्लक महाराज के चौमासे के लिए मंगल कलश की स्थापना

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 22 जुलाई. नगर के हदाईपुर दिगंबर जैन मंदिर में क्षुल्लक श्री 105 विश्वजीत सागर महाराज का चातुर्मास आज से प्रारंभ हो गया है.**

दिगंबर जैन समाज के द्वारा क्षुल्लक श्री 105 विश्वजीत सागर महाराज जी का चातुर्मास हदाईपुर बेगमगंज जैन मंदिर में मंगल कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत श्रीजी के अभिषेक, शांतिधारा एवं दीप प्रज्वलन से हुई. मंगल कलश स्थापना का संचालन सागर से आए अंकित भैया जी के द्वारा किया गया. नगर के विजय भैया जी, अजय भैया जी, मोनू भैया जी व सुधा दीदी जी सहित अनेक धर्मप्रेमी उपस्थित रहे.


**Presiding Officer: श्री ललित कुमार मड़ा**
आवेदन पतर अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000004/2025)
विनीता बाइडर..............................आवेदक
Vs
सर्वसाधारण................................अनावेदक
P.NO. 13/6/2025 Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 21/08/2025
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता - सर्वसाधारण जिला रायसेन म. प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनीता बाई पता ने मृतक दिलीप सिंह......निवासी बरेली की 400,000/- चार लाख राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21 August 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 18 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणीः धारा 372 हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवशा उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**ललित न्यायाधीश**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बरेली जिला रायसेन (म.प्र.)**


**खबर का असर**

# नींद से जागा प्रशासन उदका में पेयजल सप्लाई

**बेगमगंज, 22 जुलाई. ग्राम पंचायत उदका में नल जल योजना पुनः चालू हुई. विगत तीन-चार माह से ग्राम पंचायत उदका के ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे और पानी के लिए बहुत ज्यादा परेशान थे. उन्हें 3-3 किलोमीटर दूर से पेयजल लाने को मजबूर होना पड़ था. जिसकी शिकायत कई बार ग्रामवासियों द्वारा कई बार सीएम हेल्पलाइन 181 पर करना पड़ी, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी. वो खेतों में स्थित कुओं से पानी ढोने को मजबूर थे.**

पेयजल संकटग्रस्त ग्रामीणों का वीडियो जब शोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सभी मीडियाकर्मियों द्वारा उस खबर को प्रमुखता से उठाते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया. संवेदनशील कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के हस्तक्षेप के बाद पीएचई विभाग के लापरवाह अधिकारियों की नींद टूटी ओर उन्होंने कलेक्टर के निर्देश मिलते ही गांव की बंद पड़ी पेयजल आपूर्ति लाइन को दुरुस्त कराकर चालू कराया.

ग्रामवासियों ने बताया कि खबरें प्रसारित और प्रकाशित होने के परिणामस्वरूप पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उदका पहुँचे ओर बंद पड़ी योजना के कारणों की जांच की कि योजना क्यों बंद है. इसका आंकलन कर नलजल योजना को पुनः चालू करवा दिया.

# ट्रक की टक्कर से हाईवे पर गायों की मौत

**रायसेन.** हाईवे पर बैठी गायों की मौत के बाद सिलवानी क्षेत्र में हंगामा मच गया है .नाराज हिंदू संगठन के लोगों ने धरने पर बैठकर विरोध जताया. हाईवे से गायों को हटाने पूर्व में स्थानीय प्रशासन ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों को कलेक्टर ने दिए थे आदेश. आदेश पर नही हो रहा अमल मुहिम हो रही फेल. बरेली बाईपास हाईवे 45 पर पिपरिया ब्रिज के पास एक ट्रक ने हाइवे पर बैठे गायों को टक्कर मार दी .जिससे गायों की मौत हो गई .गायों की संख्या लगभग आधा दर्जन बताई जा रही है. पुलिस प्रशासन मौके पर है .इस घटना के दौरान हिंदू संगठन गोरखा संगठन विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रोड पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया है.

# मजबूरी में जान जोखिम में डालकर पार कर रहे रेलवे पटरियां

**10 गांवों के हजारों ग्रामीण के लिए सिरदर्द बनी पुलिया**

**बड़ी अनहोनी के इंतजार में आंखे बंद कर बैठे अधिकारी**

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 22 जुलाई. रायसेन जिले के सांची विकासखंड के अम्बाडी केमखेड़ी मार्ग पर स्तिथ छपरई रेलवे अंडर पुलिया की हालत ने ग्रामीणों की जिंदगी को दूभर बना दिया है. करीब 10-12 साल पहले रेलवे गेट बंद होने के बाद बनाए गए अंडरपास में बारिश का पानी भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है.**



स्कूली बच्चों से लेकर किसानों तक, सभी इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है. सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को रेलवे पटरी पार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है. हर रोज डर लगता है कि कहीं ट्रेन न आ जाए, एक छात्रा ने बताया.

अंडरपास में पानी भरा होने के कारण बच्चों को जोखिम उठाकर रेलवे पटरियां क्रॉस करना पड़ता है. ग्रामीणों का कहना है कि कई बार तो बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई सुध नहीं हुई. वही एक बच्चे ने दबी जुबान में कहा कि क्या करें पुलिया में पानी भरा है लाइन पार किए बिना स्कूल पहुंचना मुमकिन नहीं. रेलवे पटरियों के उस पार खेत होने के कारण किसानों को भी भारी परेशानी हो रही है. हार्वेस्टर तो दूर, ट्रैक्टर तक नहीं ले जा पाते, एक किसान ने बताया. कुछ लोग मोटरसाइकिल को पटरी पर से उठाकर ले जाते हैं, लेकिन यह तरीका भी खतरनाक साबित हो चुका है.

**इनका कहना है...**

हमको इस गांव से दूसरी तरफ जाने के लिए प्रतिदिन इन रेलवे लाइनों को पार करके जाना पड़ता है. बारिश होने की वजह से रेलवे पुलिया में भी पानी भर गया है. इसके अलावा जाने का कोई और रास्ता नही है. कई बार हम ट्रेन की चपेट में आने से भी बच चुके हैं.

**भगवान सिंह, स्थानीय ग्रामीण.**

हम प्रतिदिन 7 किलोमीटर चलकर जाते हैं. रास्ते में हमें रेलवे लाइन क्रास करके जाना पड़ता है. जिसमें बहुत खतरा रहता है. लेकिन हमें काम से जाना पड़ता है इसलिए हम रोज़ खतरा मोल लेते हैं.

**रूप सिंह, ग्रामीण.**

**धर्मसभा** | **पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिदिन मुनिद्वय की धर्मसभा**

# बादलों के छा जाने से सूर्य का अस्तित्व समाप्त नहीं होता

**नव भारत न्यूज**

**सिलवानी, 22 जुलाई. जब तक जीव सप्त व्यसनो का त्याग नही कर देता तब तक परमात्मा की प्राप्ति संभव नही है. जीव व्यसनो में फंस कर जीवन का नाया कर रहा है. उसे चाहिए कि वह परमात्मा की शरण को प्राप्त कर जीवन रुपी नैया को भवसागर से पार लगावे. यह उद्गार मुनि निवृत्त सागर महाराज ने व्यक्त किए. वह पारसनाथ दिगबर जैन मंदिर में मंगलवार को सुबह के समय धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे.**



प्रतिदिन आयोजित की जा रही धर्मसभा को पटटाचार्य विशुद्व सागर महाराज के आज्ञानुवर्ति मुनि साक्ष्य सागर व मुनि निवृत्त सागर महाराज के द्वारा संबोधित किया जा रहा है.

उन्होंने बताया कि बादलों के छा जाने से कभी भी सूर्य का अस्तित्व कम नही होता है. किरणों की आभा मंद्विम नहीं पड़ती है. ऐसे ही महापुरुषो की जीवनी परिचय की मोहताज नही होती है. मुनिराज ने बताया कि श्रीजी की पूजा अर्चना अभिषेक करते समय जीव के परिणामों में छल कपट का भाव नही आना चाहिए, मन में हमेशा ही विशुद्वी के भाव बने रहना चाहिए. विशुद्व भाव से की गई पूजा सार्थक परिणाम देती है.

**स्वाध्याय ही परम तपः** प्रतिदिन किए जाने वाले स्वाध्याय को आवश्यक बताते हुए मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने कहा कि स्वाध्याय ही परम तप है स्वाध्याय करने से तर्क करने की शक्ति बढ़ती है, धर्म ज्ञान मे बृद्वि होती है. जीव को स्वाध्याय से विमुख नही होना चाहिए. उन्होने बताया कि भगवान ना तो कुछ देते है और ना ही कुछ लेते है, वह तो कर्मो से रहित होकर शिद्धालय में विराजमान रहते है. रागद्रेष में लीन जीव संसार सागर में भटकता रहता है.

**पुरुषार्थ जीवन का अहम हिस्साः** मुनिराज ने बताया कि सद्कर्म में लगा जीव कभी भी आंदोलित नही होता है. वह पुरुषार्थ में ही लगा रहता है. जीव को जीवन में ऐसा पुरुषार्थ करना चाहिए कि वह आदर्श स्थापित करे तथा अन्य उसे अपना आदर्श मानें.


## कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज जिला रायसेन, म.प्र.

E-mail ID: cmogairatganj@mpurban.gov.in

क्र./587/NP/2025/ गैरतगंज, दिनांक 21.07.2025

### // ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गैरतगंज क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 09 में गांधी प्रतिमा के पास 01 दुकान 30 वर्ष के लिये मध्यप्रदेश नगर पालिका अचल संपत्ति का अंतरण नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु नगर परिषद गैरतगंज द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अंतर्गत ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| निविदा क्रमांक | दुकान का आकार वर्गफुट में | दुकान की संख्या | दुकान का आरक्षण | न्यूनतम प्रीमियम | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का शुल्क | निविदा क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_UAD_438810 _1 | 10×20=200 | 01 | अनारक्षित | 15.00 lacs | 37500.00 | 2000.00 | First Call |

**शर्ते** (1) निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे .
(2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2025 से 22.08.2025 सायं 5:30 बजे तक है.
(3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 22.08.2025 सायं 5:30 बजे तक है.
(4) अमानत राशि, सहित समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही मान्य की जायेंगें. निविदा दिनांक 25.08.2025 को 12:00 बजे से खोली जावेगी.
(5) टेण्डर फार्म-ए में ठेकेदार को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा
(अ) अमानत राशि (EMD) (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार (स) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नं.
(6) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी .
(7) टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा .
(8) निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार नगर परिषद गैरतगंज के पास सुरक्षित होंगे.
(9) निविदाकार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा .
(10) निविदा में जी एस.टी. छोडकर समस्त करों की कटौती नियमानुसार की जावेगी एवं प्रत्येक देयक के साथ जी.एस.टी. का भुगतान तक समय प्रचलित दर से किया जावेगा.
(11) निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्ते तथा किसी भी विवाद की स्थिति में जो की उल्लेखित नहीं है के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश/ दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होंगे.
(12) अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है.
**नोट/अन्य शर्ते**-(1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं .

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद गैरतगंज**